हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 जुलाई 2024

13 समाधान शिविर में सुनी समस्याएं सोमवार को आई कुल 97 शिकायतें



14 उपायुक्त ने बाढ़ बचाव के लिए तैयारियों की समीक्षा की



## खबर संक्षेप

### घर के बाहर से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**फतेहाबाद।** गुरनाम सिंह कालोनी निवासी नरेश कुमार ने कहा है कि गत दिवस उसने अपने बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### कहासुनी के बाद मायके आई विवाहिता लापता

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस को दी शिकायत में टिब्बा कालोनी निवासी पूजा ने कहा है कि उसकी 22 साल की लड़की अमनदीप कौर बुढलाडा के गांव अहमदपुर में विवाहित है और उसके दो बच्चे है। करीब एक माह पहले वह ससुराल में कहासुनी के बाद दोनों बच्चों के साथ रतिया आ गई थी। गत दिवस रात करीब 12 बजे से वह लापता है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला है। दूसरे मामले में रतिया पुलिस ने प्रेमनगर कालोनी निवासी शीला देवी की शिकायत पर उसके 17 साल के लड़के जशन के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### सिकंदरपुर में चोरों ने दो घरों के ताले तोड़े

**सिरसा।** सिकंदरपुर में अज्ञात लोगों ने एक साथ दो घरों में सेंधमारी की कोशिश की। एक घर में अलमारी के ताले भी तोड़ डालें। अनीता पत्नी राजेश कुमार ने बताया कि वह महाराज चरण सिंह चेरीटेबल अस्पताल सिकंदरपुर में कार्यरत है। वह परिवार सहित अस्पताल में ही रहती है, जबकि उनका गांव सिकंदरपुर में भी मकान है। जब वह गांव के घर पहुंची तो ताले टूटे हुए मिले। अलमारी व बैड खुले पड़े थे, सारा सामान बिखरा हुआ था।

### कुलां से लाखों के गहने व नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** कुलां निवासी मनोज कुमार ने कहा है कि गत दिवस सुबह वह किसी काम से अपने रिश्तेदार के पास पंजाब के मूनक गया था। पीछे से घर पर उसकी बीमार मां अकेली थी। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अज्ञात चोर उसके मकान में घुस गए और वहां से 90 हजार रुपये की नकदी के अलावा सोने का कार, सोने की चैन, 5 कड़े, एक सोने का टीका सहित करीब 20 तेले सोने के गहने चोरी कर ले गए हैं।

### कार ने युवक को मारी टक्कर, हड्डियां टूटी

**फतेहाबाद।** गांव खजूरी जाटी निवासी रामनारायण ने कहा है कि वह गांव में कपड़े सिलाई का काम करता है। गत दिवस वह घरेलू काम से फतेहाबाद आया हुआ था। दोपहर को जब वह हंस मार्किट से बस स्टैण्ड की तरफ जा रहा था तो रास्ते में एक कार के चालक ने उसमें टक्कर दे मारी। टक्कर के बाद वह उछल कर दूर जा गिरा और कार चालक मौके से फरार हो गया। बाद में लोगों ने उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से उसे अग्रोहा रेफर कर दिया गया।

### मकान के ताले टूटे नकदी व गहने चोरी

**फतेहाबाद।** सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में ढाणी चानन वाली निवासी विपन कुमार ने कहा है कि वह जेसीडी कॉलेज सिरसा में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। 28 जून को वह अपने बच्चें के साथ चण्डीगढ़ में रहने वाली अपनी पत्नी से मिलने के लिए गया था। उसने अपने मकान को ताला लगाया था। अब तब वह चण्डीगढ़ से वापस घर लौटा तो देखा कि उसके मकान के अंदर का ताला टूटा हुआ था। कमरे में अलमारियों व संदूकों का सामान बाहर बिखरा हुआ था। जब उसने सामान की जांच की तो पाया कि अज्ञात चोर वहां से 70 हजर रुपये के अलावा सोने व चांदी के गहने, डीवीआर, हार्ड डिस्क व अन्य सामान चोरी कर ले गए है। पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

---

आयुष एवं नागरिक उड्डयन मंत्री कमल गुप्ता ने ली जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक

# चीफ सेक्रेट्री मेरे से बड़े हैं क्या, झूठ बोलोगे तो फंसोगे

**गैरहाजिर अधिकारियों की अनुपस्थिति लगाने व वेतन काटने के आदेश**

**बोले, मीटिंग का समय 12 बजे है तो मतलब 11:59 तक जरूर पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति बैठक की अध्यक्षता करते स्वास्थ्य, आयुष एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

सोमवार को यहां हुई जिला लोक सम्पर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक में स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता ने कहा चीफ सैक्ट्री मेरे से बड़े हैं क्या, चीफ सैक्ट्री मेरे से बड़े नहीं है, यह बता देना उनको। कमल गुप्ता बैठक में एक जूनियर अधिकारी द्वारा यह कहने पर कि साहब को चीफ सैक्ट्री ने बुलाया है और वे चण्डीगढ़ गए हुए हैं, पर बोल रहे थे। दिसम्बर 2022 के बाद सोमवार को हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में कई बड़े अधिकारी गायब रहे। परिवादों से संबंधित विभागाध्यक्षों के न पहुंचने पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ.कमल गुप्ता उखड़ गए। उन्होंने विभागों अध्यक्षों की अनुपस्थिति में आए जूनियर अधिकारियों को खड़ा कर जमकर लताड़ लगाई और उनसे न आने के कारण जाने। बिना बताए या परमिशन लिए बिना गैर हाजिर रहे अधिकारियों का वेतन काटने, गैर हाजिरी लगाने और एसीआर में मेंशन करने संबंधी डीसी को मंत्री ने आदेश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में यह भी कहा कि मीटिंग का समय 12 बजे है, 12 बजे का मतलब 11 बजकर 59 मिनट होना चाहिए, न कि 12 बजे के बाद कोई आए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी फतेहाबाद, रतिया के बीडीपीओ, मार्केट कमेटी टोहाना के सचिव, पशुपालन विभाग के उप निदेशक व जिला खेल अधिकारी के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए।

### जूनियर की लगी क्लास

जनपरिवाद समिति की बैठक में पहुंचते ही मंत्री डॉ.कमल गुप्ता ने पूछा कि आज की मीटिंग में कोई अधिकारी ने छुट्टी तो नहीं ली, एक नायब तहसीलदार की छुट्टी पर जाने की बात सामने आने पर मंत्री बोले कि अब अधिकारी यह बताएं कि सभी विभागाध्यक्ष यहां आए हैं, जिस विभाग के हेड नहीं आए और उनके सब कोर्डिनेटर आए हैं, वो खड़े हो जाएं।

### शिकायतकर्ताओं को न बुलाने पर मंत्री ने जताया ऐतराज

डॉ. कमल गुप्ता ने जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुल 11 परिवादों की सुनवाई करते हुए मौके पर 7 परिवादों का निपटारा किया। बैठक में अधिकतर संबंधित शिकायतकर्ता ही नहीं पहुंचे, जिस पर मीटिंग में बैठे पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली ने ऐतराज जताया और कहा कि बिना शिकायतकर्ता के मीटिंग कैसे होगी, आगे से शिकायतकर्ता को बुलाया करें। इस पर अधिकारियों द्वारा बताया गया कि शिकायतकर्ताओं को बता दिया गया था, लेकिन मीटिंग काफी समय बाद हुई तो शायद इसलिए शिकायतकर्ता पहुंच पाए। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि शिकायतकर्ता शिकायतें कर करके थक गए होंगे बेचारे, सोचते हैं कि मीटिंग में कुछ होना तो है नहीं, इसलिए नहीं आए होंगे।

### बीडीपीओ ने किससे छुट्टी ली ?

जिला समाज कल्याण अधिकारी के जूनियर ने बताया कि अधिकारी यहां पर एडिशनल चार्ज पर हैं, जिस पर कमल गुप्ता ने कहा कि तो यह मीटिंग क्या महत्वपूर्ण नहीं है? तुरंत डीसी को गैरहाजिरी लगाकर तनख्वाह काटने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि यह बर्दाश्त नहीं होगा कि अधिकारी इस मीटिंग को सीरियस न ले। बीडीपीओ कार्यालय से आए अधिकारी ने बताया कि बीडीपीओ छुट्टी पर हैं, लेकिन वह नहीं बता पाए कि छुट्टी किससे ली, जिस पर मंत्री ने कहा कि झूठ मत बोलना बुरे फंसोगे। क्यों झूठ बोल रहे हो, आपके खिलाफ भी एक्शन ले लें? इसी तरह कई और अधिकारियों को भी उन्होंने हड़काया और कहा कि यदि इस बारे में मुख्यमंत्री को रिपोर्ट कर देंगे तो क्या होगा। मीटिंग का मजाक बना रखा है। मार्केट कमेटी से अधिकारी की अनुपस्थिति में आए उनके जूनियर ने बताया कि अधिकारी चंडीगढ़ आए हैं, वहां से चीफ सेकट्री ने बुलाया है तो मंत्री बोले वो मेरे से बड़े हैं क्या, चीफ सेकेट्री मेरे से बड़े नहीं हैं, बता दें उनको। उन्होंने कहा कि यह गलत है कि अधिकारी सरकार के किसी भी काम को हलके में ले लेते हैं, यह अच्छा नहीं है, एक्शन तो सबके खिलाफ होगा।

### कई मामलों में असंतुष्ट नजर आए पूर्व मंत्री बबली

शहर की शिवपुरी के पीछे क्षेत्र में गली पर कब्जे मामले में आई शिकायत में बुजुर्ग शिकायतकर्ता ने बताया कि गली में कब्जे को लेकर शिकायत दी गई और कई बार चक्कर काटे। इस पर संबंधित विभाग ने बताया कि कब्जा अब हटा दिया गया है। इस पर शिकायतकर्ता ने बताया कि कब्जा तो हट गया, लेकिन चक्कर काटने पड़े, इस पर मंत्री ने कहा कि कब्जा हटवा दिया गया, इसके लिए पहले तो बधाई, लेकिन चक्कर काटने पड़े, उसके लिए पूरी सरकार आपसे माफी मांगती है। इस पर शिकायतकर्ता ने बताया कि कब्जा तो हट गया, लेकिन अब वहां बिजली निगम ने खंभे गाड़ दिए हैं, गली तो फिर संकरी हो गई। अब पोल हटवाने के नाम पर निगम खर्चा मांग रहा है। जिस पर मंत्री ने एसडीएम व लोक संपर्क एवं परिवाद निवारण समिति के दो सदस्यों को इस मामले में जांच करने के लिए ड्यूटी लगाई तो इसी बीच पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली ने उन्हें टोकते हुए कहा कि मंत्री जी पोल निगम हटवा दे, इसमें क्या है, तो मंत्री डॉ.गुप्ता ने बताया कि दो मेंबर की ड्यूटी लगा दी है, वो अगली मीटिंग में रिपोर्ट देंगे, इस पर पूर्व मंत्री बबली असंतुष्ट दिखे।

---

## गो तस्करी रोकने के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** पत्रकारों से बातचीत करते बजरंग दल के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

गौरक्षा बजरंग दल की ओर से गौ तस्करी के बढ़ते मामलों को देखते हुए उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। जिला गौ रक्षा प्रमुख अश्वनी योगी, दीपक, अरविन्द भारद्वाज, आयुष सैनी, पियूष रोहिला आदि ने बताया कि जिला में मौजूद गौशालाओं की संख्या व वहां पर मौजूद गौवंश प्रबंधन के संसाधन की संख्या सार्वजनिक की जाये, ताकि कोई भी गउशाला बेसहारा गौवंश को लेने से आना कानी ना कर पाएं।

गौशालाओं की रिपोर्ट हर तीन महीने में मीडिया के माध्यम से आम जन तक पहुंचाई जाये, ताकि विशेष परिस्थितियों में किसी गउशाला में गौवंश की मौजूदा संख्या में फेर बदल होता हैं तो उसकी प्रशासनिक जांच हो। सड़कों पर घूम रहे गौवंश हेतु एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया जाये। जिस पर शिकायत कर बेसहारा गौवंश को तुरन्त इन्साफ दिलवाया जाये व संबंधित गउशाला तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय से हरियाणा के एचजीएसजी एक्ट के होते हुए भी गौवंश मास की तस्करी चर्म सीमा पर हैं, जिसमें शहर के नजदीक मौजूद हड्डा रोडियां गौमांस तस्करी में लिपित हैं। ऐसे केसों को जल्द से जल्द एक्शन लेकर खत्म किया जाये।

इसके अलावा शहर के नजदीक मौजूद हड्डा रोडियां एयर फोर्स सुरक्षा हेतु राष्ट्रीय खतरा है, जो एयर फोर्स के विमानों को दुघर्टना ग्रस्त कर राष्ट्र को विषम परिस्थितियों में खड़ा कर सकती हैं। अतः इन अवैध हड्डा रोडियों व गौतस्करी के माफियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही की जाये।

## गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा, कार्रवाई के लिए बवाल

- ट्रक में 13 नंदी व एक गाय को ठूंसकर भरा गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली



**सिरसा।** थाना सदर में कार्रवाई की मांग को लेकर एकत्रित गोभक्त।

डबवाली के समीप खुईयां मलकाना टोल प्लाजा पर गो भक्तों ने गौवंश से भरा एक ट्रक पकड़ा है। ट्रक को चालक पंजाब से भगाकर डबवाली की ओर लाया था। बताया जा रहा है कि पंजाब के अबोहर इलाके के गौ भक्तों को जब इस ट्रक के बारे में सूचना मिली तो उन्होंने इसका पीछा शुरू किया।

ट्रक पर इनका शक इसलिए भी गहरा गया कि ट्रक के आगे और पीछे अलग-अलग नंबर लिखे हुए थे। अबोहर बजरंग दल के जिला संयोजक विनोद कुमार, विकास, मनीष, संदीप व अन्य ने बताया कि गौ तस्करी की जानकारी मिलने पर ट्रक का पीछा किया गया। इसके बाद ट्रक चालक ट्रक को भगाकर डबवाली की ओर ले आया और गौ भक्त भी इसके पीछे डबवाली आ पहुंचे। इस दौरान रास्ते में ट्रक चालक ने कई नाके तोड़े और कई बार गौ भक्तों की गाड़ी से टक्कर मारने की भी कोशिश की। खुईयां मलकाना टोल प्लाजा पर गौ भक्तों ने ट्रक को काबू कर लिया। ट्रक को जब देखा गया तो गौ भक्तों का शक यकीन में बदल गया। इस ट्रक में 14 गोवंश ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। इनमें 13 नंदी व एक गाय शामिल थी। गौ भक्तों ने ट्रक पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान डबवाली के गौ भक्त भी मौके पर आ पहुंचे थे। बताया जाता है कि इस दौरान वहां एकत्रित हुए कुछ लोगों ने कथित गोवंश तस्करों की परेड भी की। गोवंश से भरे इस ट्रक को जब सदर थाने में लाया गया तो यहां गौ भक्तों की आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर पुलिस अधिकारियों से बहस हो गई।

### गो भक्तों पर भी कार्रवाई

थाना सदर पुलिस अधिकारी का आरोप था कि गो भक्तों ने ट्रक चालक से मारपीट की है। इसलिए इन पर भी कार्रवाई की जाएगी। जबकि गो भक्तों ने कहा कि ट्रक चालक ने भागने का प्रयास किया और इसी वजह से गिरने के कारण वह चोटिल हुआ है। कार्रवाई को लेकर पुलिस व गौ भक्तों में बहस हो गई। इस दौरान हरियाणा बीज विकास निगम के अध्यक्ष देव कुमार शर्मा भी मौके पर आ पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद पुलिस अधिकारी को फटकार लगाई और कहा कि पुलिस गोवंश तस्करों पर कार्रवाई की बजाय गो भक्तों को ही धमका रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। इसके बाद बड़ी तादाद में गौ भक्त थाना सदर परिसर में इकट्ठा होना शुरू हो गए। गौ भक्तों ने धरने की घोषणा कर दी।सूचना मिलते ही एसपी दीप्ति गर्ग ने भी थाना में दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। गौ भक्तों के इकट्ठा होने के बाद पुलिस हरकत में आई।

### नरेंद्र को सैनी समाज का प्रधान किया नियुक्त

**सिरसा।** सैनी समाज के लोगों की कार्यकारिणी गठन को लेकर आवश्यक मीटिंग प्रधान तुलसीराम सैनी और सचिव जसवन्त सैनी व उपप्रधान ईश्वर सैनी की संयुक्त अध्यक्षता में सैनी धर्मशाला में आयोजित की गई। मीटिंग में प्रधान पद के लिए चुनाव करवाया गया, जिसमें नरेंद्र सैनी तंवर को अधिक मत मिलने पर प्रधान नियुक्त कर दिया गया। कार्यकारिणी के गठन का अधिकार नवनिर्वाचित प्रधान नरेंद्र सैनी को दिया गया, जिन्होंने विशाल सैनी को सभा का उपप्रधान नियुक्त किया। प्रधान नरेंद्र सैनी तंवर ने कहा कि बाकी कार्यकारिणी का गठन भी जल्द समाज के लोगों से विचार-विमर्श के बाद किया जाएगा।

## एसपी ने थाने का निरीक्षण कर रिकॉर्ड जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली



**सिरसा।** शहर थाने का निरीक्षण करती डबवाली की पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग ।

- अधिकारियों व कर्मियों को निर्देश

पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग ने थाना शहर डबवाली का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने थाने का रिकॉर्ड, माल खाना, आपराधिक रिकॉर्ड का निरीक्षण करने के साथ साइबर डेस्क व महिला डेस्क की जांच की। उन्होंने थाने के मुंशी कक्ष और शस्त्रागार में रखे असलहे की जांच की और कंप्यूटर रूम के साथ वायरलेस कक्ष की भी व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाना में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करे। सभी अपनी ड्यूटी जिम्मेवारी से निभाएं। पुलिस थाने में आने वाले शिकायतकर्ता से सहयोग और सम्मान पूर्वक व्यवहार कर उनकी बातों को ध्यान से सुने। अदालत से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने व अन्य मामले में शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। अपराध नियंत्रण के लिए थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त के फेरो में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए। सभी अनुसंधानकर्ताओं को तीन नये बने कानूनों के बारे में अवगत करवाया।

### नशे को रोकना बड़ी चुनौती

डबवाली इलाके में बढ़ते हुए नशे को रोकना नई एसपी दीप्ति गर्ग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। दरअसल कुछ ऐसा पूर्व डबवाली को बढ़ते नशे के कारण ही पुलिस जिला का दर्जा दिया गया था। सरकार को उम्मीद थी कि पुलिस जिला बनने के बाद डबवाली में नशा रुक जाएगा। सुमेर सिंह को यहां पहले एसपी के रूप में नियुक्ति मिली थी। लोगों को भी उम्मीद थी कि जिला बनने के बाद डबवाली में नशा कम हो जाएगा। लेकिन लोगों की उम्मीद अभी तक पूरी नहीं हुई। नशे के कारण यहां युवाओं की मौत की खबरें भी अक्सर आ रही हैं। मेडिकल नशे को लेकर भी बड़े सवाल उठ रहे हैं। अब सरकार ने सुमेर सिंह की जगह युवा महिला आईपीएस अधिकारी दीप्ति गर्ग को एसपी बनाया है।

## ट्यूबवेल की मोटर चुराते दो युवक दबोचे, 4 फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव काजलहेड़ी में खेत में बने ट्यूब्वैल से मोटर चोरी करते दो युवकों को किसान ने मौके पर ही काबू कर लिया जबकि उसके 4 साथी मौके से भागने में कामयाब रहे। किसान ने दोनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने इनके खिलाफ केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। इस बारे सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव काजलहेड़ी निवासी सुरेन्द्र कुमार ने कहा है कि रात करीब साढ़े 12 बजे वह खेत संभालने के लिए उठा तो उसने देखा कि ट्यूब्वैल के पास मोबाइल की लाइट जल रही थी। इस पर वह अपने भई प्रेम कुमार के साथ ट्यूब्वैल के पास पहुंचा तो देखा कि वहां 6 युवक उसके ट्यूब्वैल की मोटर चोरी करने की कोशिश कर रहे थे। उन्हें देखते ही सभी युवक वहां से भागने लगे। 4 युवक तो मौके से फरार हो गए जबकि दो युवकों को उन्होंने मौके पर ही काबू कर लिया। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम विक्रम निवासी काजलहेड़ी व विक्रम निवासी साबरवास जिला हिसार बताया।

## हिट एंड रन कानून के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन




**सिरसा।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन सम्बन्धित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा सिरसा की ओर से डिपो में हिट एंड रन कानून के विरोध में कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता पृथ्वी सिंह चाहर, संदीप कुमार व रिछपाल सिंह संधू ने संयुक्त रूप से की। उनके साथ रा'य नेता भीम सिंह चक्कां, शेर सिंह खोड, आत्माराम बैनीवाल भी मौजूद थे। कर्मचारी नेता पृथ्वी सिंह चाहर ने बताया कि सिरसा डिपो में गेट पर 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता दुर्घटना होने पर चालकों के विरुद्ध लागू किए गए प्रावधानों, जिसमें 7 लाख रूपए और 10 साल की सजा के खिलाफ प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि चालक दिन रात जी तोड़ मेहनत करके अपनी जान को जोखिम में डाल कर देश की अर्थव्यवस्था को चलाने में सहयोग करता है, इसके बाद भी अगर कहीं कोई दुर्घटना हो जाती है तो उस पर लाखों का जुर्माना और कैद भुगतना न्याय संगत नहीं है। चाहर ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इन प्रावधानों को वापिस नहीं लिया गया तो आने वाले समय में रोडवेज कर्मचारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**अलसुबह बरसात के कारण छात्रों की हाजिरी पहले दिन कम रही**

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूल पहुंचे विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार से प्रदेशभर के स्कूलों में फिर रौनक लौट आई है। सोमवार को पहले दिन बच्चों में भी स्कूल जाने को लेकर काफी उत्साह नजर आया। हालांकि अलसुबह हुई बरसात के कारण स्कूलों में बच्चों की हाजिरी पहले दिन कम ही रही। पहले दिन बरसात के कारण मौसम सुहावना होने से बच्चों को भी गर्मी से राहत मिली। स्कूल शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा प्रदेश के सभी सरकारी व प्राईवेट स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म हो चुके है। हरियाणा में इस बार भीषण गर्मी के चलते स्कूलों को समय से पहले ही बंद कर दिया गया था और लगभग 22 मई से ही छुट्टियां घोषित कर दी गई थी। आज 01 जुलाई से विद्यालय दोबारा से खुल चुके हैं, जो कि बच्चों व अभिभावकों के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है। शांति निकेतन स्कूल, ढ़िगसरा के प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने बताया कि आज लगभग 40 दिनों की छुट्टियों के बाद बच्चों के आगमन से स्कूलों में दोबारा रौनक आई है। बच्चे स्कूल में वापिस पहुंचकर बहुत ही खुश है, क्योंकि स्कूल ही एक ऐसी जगह हैं जहाँ बच्चों के सीखने की क्षमता तेज गति से बढ़ती है।

बच्चों को बाहरी दुनिया के बारे में पता चलता है। स्कूल में प्रतिदिन बच्चा कुछ नया सीखता है और घर जाकर बताता है। स्कूल में कई तरह की गतिविधियां होती है जिससे वे बोलना, अनुशासन में रहना, संगीत, चित्रकारी, अपने माता-पिता व बड़ों के साथ अच्छा व्यवहार व उनका सम्मान आदि करना सीखते हैं। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे अब अपनी पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई करें, ताकि छुट्टियों में पढ़ाई के हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक,मंगलवार
2 जुलाई 2024



कवर स्टोरी / रेखा शाह आरबी

हंसते-बोलते प्यारे रिश्तों के बीच किसी गलतफहमी की वजह से खामोशी आ जाए, यह सही नहीं है। ईगो, जिद या फिर संकोच में भी हम आपस में बातचीत ना करके मन में खटास बैठाए रहें और रिश्तों में दूरी बना लें, यह भी उचित नहीं। हमें अपने रिश्ते ऐसे नहीं बिखरने देने चाहिए, बातचीत करके दूरियां खत्म कर रिश्तों को सहेजना चाहिए, इसी में सबकी खुशियां हैं।

## रिलेशनशिप में कभी ना आने दें खामोशी

पति-पत्नी के बीच का रिश्ता हो, दोस्ती का या फिर प्रेमी-प्रेमिका का रिश्ता, हर रिश्ता भरोसे और समझदारी पर टिका होता है। अगर किसी रिश्ते में गलतफहमी आ भी जाए तो उसे बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए। लेकिन कुछ लोग बातचीत करने के बजाय खामोश रहना पसंद करते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि धीरे-धीरे रिश्ता खत्म हो जाता है। चाहे कितना भी करीबी रिश्ता हो, अगर एक बार रिश्ते में गांठ पड़ जाती है तो रिश्ते को बिखरने में देर नहीं लगती। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। नीता और सुनीता वर्षों से एक-दूसरे की अभिन्न सहेली थीं। एक-दूसरे के साथ हर दुख-सुख, हंसी-खुशी को साझा करती थीं। एक बार नीता ने सुनीता से कुछ आर्थिक मदद मांगी। सुनीता किसी कारण नीता की मदद नहीं कर पाई। नीता को लगा कि उसकी सहेली उसकी मदद कर सकती थी, लेकिन उसने जान-बूझकर ऐसा नहीं किया। यह बात नीता के मन में घर कर गई। हालांकि उसे इस संबंध में खुलकर सुनीता से कम से कम एक बार बात जरूर करनी चाहिए थी, लेकिन बात ना करने के कारण आखिरकार दोनों के रिश्तो के बीच खटास पड़ गई। दोनों ने आपस में बातचीत करना बंद कर दिया। निरंतर खामोश रहने से एक अच्छा-भला रिश्ता खत्म हो गया। इसीलिए जब बात अपनों की हो तो खुलकर बात कर लेनी चाहिए। किसी अपने को खोने से बेहतर है, बगैर किसी पूर्वाग्रह के उसके सामने अपना प्वांइट ऑफ व्यू जरूर रख दें। रिश्तों में गलतफहमियां ना बढ़ें, इसके लिए यहां बताई जा रही कुछ बातों का ध्यान रखकर अपने रिश्ते सहेजे जा सकते हैं।





### ना खींचें लंबी खामोशी

कई बार हम झगड़ों और बहस से बचने के लिए रिश्तों में खामोशी धारण कर लेते हैं। इस तरह का व्यवहार रिश्तों को कमजोर करके उसे खत्म कर देता है, जबकि हमें करना यह चाहिए कि जिस किसी से गलतफहमी की वजह से खामोशी है, उससे सीधी, सरल भाषा में खुलकर बात करें। सामने वाले की शंकाओं को दूर करें और रिश्ते को खत्म होने से बचा लें।

### दूर करें संशय

यदि आपको अपना रिश्ता प्रिय है तो एक बार अपने संशय दूर करने का प्रयास जरूर करें। हो सकता है, अगला आपके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहा हो या आप भी मन ही मन उसके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहे हों। यह भी हो सकता है कि बात करने से आप उसकी बातों से पूर्ण रूप से सहमत ना हों और रिश्ता पहले जैसा नॉर्मल ना हो। लेकिन कम से कम एक-दूसरे के प्रति संशय तो नहीं रहेगा, असली वस्तुस्थिति से आप दोनों अवगत हो जाएंगे। क्या पता, बाद में रिश्ते फिर से बन जाएं।

### कभी तीसरे व्यक्ति को माध्यम ना बनाएं

कई बार हम जिससे नाराज होते हैं, उससे अपनी बातें स्वयं ना कहकर अपने दोस्तों से कहलवाते हैं। ऐसे में अकसर ऐसा होता है कि बात बनने के बजाय और बिगड़ जाती है। इसीलिए अपनी बात अपने किसी दोस्त या रिश्तेदार के माध्यम से कहने के बजाय स्वयं उस व्यक्ति के सामने रखें, जिससे आपकी नाराजगी है। किसी दूसरे के माध्यम से बात कहने में और भी गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। हम स्वयं अपनी बात जितने सीधे, सरल और प्रभावी तरीके से रख सकते हैं, दूसरा कोई व्यक्ति नहीं रख सकता है।

### सरल तरीके से कहें अपनी बातें

रिश्ता कोई भी हो, उसमें मौजूद गलतफहमी को दूर करने के लिए जब भी अपनी बातें कहें तो सीधे, सरल और सौम्य तरीके से कहें। ना कि बहुत ज्यादा घुमा-फिरा कर कहें। कभी-कभी ऐसा होता है कि जिससे हम मन में नाराज होते हैं, उसका थोड़ा-सा भी मजाक या उसकी घुमावदार बातें, ताने सी लगती हैं या हम गलत मतलब निकाल लेते हैं। इसीलिए जब तक रिश्ता नॉर्मल नहीं हो, तब तक ऐसे टोन और लहजे से बचें। कहने का मतलब है कि अपने रिश्तों को आसानी से खोने ना दें, इन्हें सहेज कर रखें।

डाइट सजेशन / रिचा शर्मा
सीनियर डाइटिशियन, कैलाश हॉस्पिटल, एनसीआर

## बारिश के मौसम में डाइट का रखें ध्यान



बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका सबसे ज्यादा संक्रमित भोजन करने से होती है। ऐसे में बचाव के लिए जरूरी है कि इस दौरान अपनी डाइट को लेकर आप पूरी सावधानी बरतें।

बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। बारिश ने जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत दी है, वहीं इस मौसम में कई तरह की बीमारियों के होने की आशंका भी बढ़ जाती है। वजह, इस मौसम में हवा में नमी अधिक होती है, जो बैक्टीरिया के ग्रोथ के लिए सबसे अनुकूल वातावरण होता है। इसके अलावा बारिश में जल-जनित बीमारियां होने की भी आशंका अधिक रहती है। इनसे बचाव के लिए खान-पान पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिससे आप बीमारियों से बच कर स्वस्थ रह सकती हैं। इस मौसम में क्या खाएं और किनसे परहेज करें, जानिए।



### क्या खाएं

- बारिश में जल-जनित बीमारियां, जैसे- कॉलरा, टाइफाइड, पीलिया होने की आशंका अधिक रहती है। इसलिए काफी देर से खुला रखा या बाजार में खुले में बिकने वाला पानी ना पिएं, कोशिश करें उबला पानी ही पिएं, गंदे स्थान पर लगे नल का पानी पीने से बचें।
- बेकरी प्रोडक्ट्स जैसे ब्रेड, बिस्कुट और केक आदि को खरीदने से पहले जांच लें, क्योंकि इस मौसम में फंगस भी बहुत तेजी से बढ़ते हैं। इसलिए एक्सपायरी डेट देखकर ही कोई फूड आइटम खरीदें।
- यह मौसम फूड आइटम्स में बैक्टीरिया के पनपने के लिए अनुकूल होता है। इससे बचाव के लिए खाने को उचित तापमान पर पकाएं। ऐसा खाना जल्दी संक्रमित नहीं होता है और इसे कुछ समय तक खराब होने से बचाया जा सकता है।
- फलों और सलाद के लिए सब्जियों को खाने से पहले अच्छी तरह पानी से कई बार धो लें।
- सब्जी को काटने से पहले दो-तीन बार पानी से धोकर ही उसके बाद पकाना चाहिए।
- कोशिश करें कि इस मौसम में ताजा खाना ही खाएं। खाना अगर कुछ देर पहले बना है और ठंडा हो गया है तो इसे दोबारा गरम कर ही खाना चाहिए। इससे बैक्टीरिया की संभावना खत्म हो जाती है। आमतौर पर लोग कुछ देर पहले बने खाने को गर्म नहीं करते हैं और यही संक्रमण का कारण बनता है।
- प्रोटीन रिच फूड, जैसे- मटन, चिकन, फिश, पनीर, चीज आदि के जल्दी खराब होने की आशंका रहती है। इन्हें पकाने के बाद देर तक ना रखें।
- खाना खाने से पूर्व साबुन से अच्छी तरह हाथ जरूर धोएं।

**प्रस्तुतिःरिचा पांडे**

### इनसे करें परहेज



- इस मौसम में कटे रखे हुए फल खाना बीमारियों को दावत देना है, इससे बचना चाहिए।
- सड़क किनारे खुले में बिकने वाले फूड्स नहीं खाने चाहिए, इससे संक्रमण फैल सकता है।
- ऐसी आइसक्रीम खाने से बचना चाहिए, जो उचित तापमान में ना रखी गई हो। इस तरह की आइसक्रीम से गले में संक्रमण होने की आशंका अधिक रहती है।
- इस मौसम में बाजार में बिकने वाला जूस नहीं पीना चाहिए, भले ही वह ताजा क्यों ना हो, यह बीमार कर सकता है।
- बारिश में हरी सब्जियों को खाने से बचना चाहिए।



ब्यूटी
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

एलोवेरा, हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी निखारने में भी हेल्पफुल होता है। खासतौर पर इसका जैल स्किन सेल्स को स्मूद, सॉफ्ट बनाता है। एलोवेरा किस तरह ब्यूटी निखारने में हेल्पफुल है, आप भी जानिए।

## सौंदर्य निखारे एलोवेरा



एलोवेरा, बगीचों में ही नहीं, लोगों के घरों में भी आसनी से देखने को मिल जाता है। यह गमलों में आसानी से उगाया जा सकता है। एलोवेरा के यूज से त्वचा और बालों की देखभाल काफी लाभदायक मानी जाती है। एलोवेरा के पौधे में नमी रोकने की भरपूर क्षमता होती है। यह पावरफुल नेचुरल मॉयश्चराइजर है। यह स्किन की डेड सेल्स को रिमूव कर स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है।

**एजिंग प्रोसेस को कम करेः** एलोवेरा एस्ट्रिंजेंट की तरह कार्य करता है और स्किन सेल्स को कसकर बांध देता है, जिससे समय से पूर्व झुर्रियां नहीं आतीं हैं और यह बुढ़ापे को रोकने में मददगार साबित होता है। साथ ही इसमें एंटी ऑक्सीडेंटिव गुण विद्यमान होते हैं, जो स्किन सेल्स के रिजुवेनेशन की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करते हैं। एलोवेरा के उत्पादों के लगातार प्रयोग से स्किन पर एजिंग इफेक्ट को कम करने में मदद मिलती है।

**ब्यूटी प्रोडक्ट्स में होता है यूजः** एलोवेरा ना केवल स्किन को हेल्दी बनाता है, इसकी नई कोशिकाओं के बनने में भी सहायक होता है। एलोवेरा को क्लींजर, मॉयश्चराइजर जैसे कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स में मुख्य घटक के रूप में प्रयोग किया जाता है।



**सूजन करे दूरः** एलोवेरा का जूस सूजी हुई नसों के उपचार में भी मददगार साबित होता है। यह त्वचा में घाव, संक्रमण आदि के उपचार में प्रभावी साबित होता है। एलोवेरा में विद्यमान जिंक, एंटी इनफ्लेमेटरी का कार्य करता है, इससे त्वचा की सूजन दूर होती है।

**बहुत यूजफुज है जैलः** एलोवेरा जैल या जूस को त्वचा पर सीधा अप्लाई किया जा सकता है। प्रयोग करने में पहले पत्तियों को अच्छे से धो लेना चाहिए। एलोवेरा जूस या जैल को प्रतिदिन चेहरे पर 20 मिनट तक लगाकर साफ ताजे पानी से धोना फायदेमंद होता है। यह त्वचा को मुलायम और नम बनाए रखने में मदद करता है। अगर इसका नियमित रूप से सेवन किया जाए तो यह त्वचा को सॉफ्ट और यंग दिखाने में मददगार साबित होता है। यह त्वचा को तैलीय बनाए बगैर उसमें नमी को बनाए रखने में मदद करता है।

**फेस मास्क के रूप मेंः** एलोवेरा को फेस मास्क के रूप में भी उपयोग में लाया जा सकता है। एक चम्मच जई या मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच संतरे की छाल का पावडर, दही और एक चम्मच एलोवेरा जैल मिलाकर इस मिश्रण को त्वचा पर 30 मिनट तक लगाकर छोड़ दें। फिर त्वचा को धो डालें। चेहरे पर नया निखार दिखेगा।

**हेयर केयरः** एलोवेरा बालों की हेल्थ के लिए भी बहुत फायदेमंद है। एलोवेरा जैल को बालों पर अच्छी तरह से लगाएं और 20 मिनट के बाद इसे धो लें। इससे बाल मजबूत, मुलायम और चमकीले बनते हैं।

मेकअप / निधि गोयल


सीजन बदलने के साथ हमारी लाइफस्टाइल में काफी कुछ बदल जाता है। अब जैसे बरसात शुरू हो गई तो अन्य बातों के साथ ही आपको मेकअप स्टाइल में भी चेंज कर लेना चाहिए। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।

## रेनी सीजन मेकअप स्टाइल आप दिखेंगी अट्रैक्टिव

बरसात के मौसम में मेकअप करने के बाद सबसे बड़ा टास्क होता है उसको टिकाए रखना। दरअसल, आप मेकअप तो अच्छे से कर लेती हैं लेकिन जैसे ही घर से बाहर निकलती हैं तो वातावरण की नमी के कारण आपको पसीना आने लगता है। पसीने के कारण आपका मेकअप खराब होने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ ऐसी बातों का ध्यान रखें, जिससे आपका मेकअप खराब नहीं हो।

**ऐसे करें बेस तैयारः** लॉन्ग लास्टिंग मेकअप के लिए आपको चेहरे पर सबसे पहले अच्छा बेस बनाएं। अगर आप लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं तो ध्यान रखें कि ऑयल फ्री फाउंडेशन का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे आपके चेहरे पर अलग सा चिपचिपापन नजर आएगा। बरसात के मौसम में बीबी क्रीम का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे चेहरे पर एक बेस बन जाता है। यह पसीने के कारण बहती नहीं है।






**कंसीलर का इस्तेमालः** मेकअप के दौरान महिलाएं कंसीलर का इस्तेमाल चेहरे से दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करती हैं। ध्यान रखें कि इस मौसम में आप क्रेयॉन कंसीलर का इस्तेमाल करें। यह वाटरप्रूफ होता है और पसीना आने पर भी जल्दी हटता नहीं है।

**आंखों को बनाएं अट्रैक्टिवः** चेहरे का पूरा मेकअप, काफी हद तक आंखों पर टिका होता है। इस सीजन में वाटरप्रूफ काजल ही लगाएं। इससे आपका काजल फैलेगा नहीं और आंखें भी बेहद आकर्षक नजर आएंगी।

**आईशैडोः** आंखों का मेकअप आईशैडो के बिना सूना नजर आता है। इस सीजन में आप आंखों पर लाइट कलर के वाटरप्रूफ आईशैडो, जैसे- पिंक, पीच, सी ग्रीन, लाइट ब्ल्यू आदि का इस्तेमाल करें। ग्लिटर आईशैडो से बचें, क्योंकि ये ग्लिटर नमी के कारण बह सकती है, इससे आपका लुक बिगड़ सकता है।

**वाटरप्रूफ मस्काराः** आप पलकों पर वाटरप्रूफ मस्कारा ही इस्तेमाल करें। मस्कारा लगाने पर आपकी आंखें बेहद सुंदर नजर आएंगी। मस्कारा में कई कलर्स अवेलेबल हैं।



**ऐसे अप्लाई करें लिपस्टिकः** लिपस्टिक में आप अपनी पसंद का कोई भी कलर लगा सकती हैं। बस ध्यान रखें कि वह आप पर सूट करती हो। आप थोड़े ब्राइट कलर के वाटरप्रूफ लिपस्टिक यूज कर सकती हैं।

**(मेकअप आर्टिस्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

ब्यूटी-योगा / हेतल शाह
योग एक्सपर्ट

स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए ब्यूटी केयर की जरूरत होती है। इसके साथ अगर आप कुछ योगासन रेग्युलर करेंगी तो भी आपकी खूबसूरती में निखार आएगा।

## चाहिए अगर ग्लोइंग स्किन रेग्युलर करें योगासन



फेस योगा फेशियल स्लैपिंग



मत्स्यासन



भुजंगासान

गलत खान-पान और आदतों की वजह से हेल्थ बिगड़ने के साथ-साथ चेहरे की चमक भी कम होती चली जाती है। ऐसे में आप अपनी स्किन को ग्लोइंग, हेल्दी और खूबसूरत बनाने के लिए योग का सहारा ले सकती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि योग न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि योगा से आप स्किन में भी नई चमक ला सकती हैं और अपने चेहरे के फीचर्स को हाईलाइट कर सकती हैं। यहां हम कुछ ऐसे ही योगासनों के बारे में बता रहे हैं। लेकिन इन सभी का अभ्यास किसी योग प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीखने के बाद ही करें।

**फेस योगा फेशियल स्लैपिंग :** फेस योगा आप जब चाहें ऑफिस में बैठकर कलीग से बात करते हुए, घर का काम करते हुए भी कर सकती हैं। इस क्रिया को करने के लिए पीठ को सीधा करके आराम से बैठ जाएं। इसके बाद मुंह में हवा भर लें। अब अपने चेहरे को अंगुलियों की मदद से टैप करते रहें। ध्यान रहे ऐसा करते हुए आपको चेहरे पर प्रेशर नहीं देना है। इस तरह की टैपिंग से चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन अच्छा रहता है। रोजाना इस योगासन को करने से चेहरे पर कोलेजन प्रोडक्शन बढ़ता है और स्किन ग्लोइंग बनती है। इस योगासन को करने से चेहरे के छोटे रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे झुर्रियां कम होती हैं।


**हलासन :** हलासन में ब्लड सर्कुलेशन चेहरे और सिर की ओर होता है। इससे चेहरे का ग्लो बढ़ता है। इस आसन में शरीर को बिना किसी परेशानी जितनी देर रोक सकती हैं, रोकें।



**मत्स्यासन :** मत्स्यासन में सिर के सहारे कंधे और कमर को ऊपर उठाकर बैलेंस किया जाता है। इससे ब्लड फ्लो सिर की ओर होता है। यह आसान शरीर को रिलैक्स करने के साथ स्किन को ग्लोइंग बनाने में भी मदद करता है।

**भुजंगासान :** भुजंगासान कमर और कंधों के दर्द को ही दूर करने में ही कारगर नहीं बल्कि आपको रिलैक्स करके आपके मूड को भी अच्छा करता है। सबसे अच्छी बात यह है कि इससे स्किन सॉफ्ट होती है और चेहरे पर ग्लो बना रहता है।

**सर्वांगासन :** सर्वांगासन में शरीर को कंधों और सिर पर बैलेंस किया जाता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन सिर और चेहरे की ओर होता है। यह स्किन का ग्लो बढ़ाने का काम तो करता ही है साथ ही इससे कील-मुंहासों की समस्या भी दूर होती है। इस आसन में ब्लड का फ्लो सिर और चेहरे की तरफ होता है।



जिससे स्किन को ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन मिलती है, जो स्किन से जुड़ी हर तरह की परेशानी को दूर करने के साथ ही चेहरे पर चमक लाने में भी बहुत ही फायदेमंद है।

**प्रस्तुतिःललिता गोयल**

## खबर संक्षेप

### एक कदम जिंदगी की ओर संस्था का रक्तदान उत्सव कल

**हिसार।** प्रमुख समाजसेवी संस्था 'एक कदम जिंदगी की ओर द्वारा तीन जुलाई को अग्रसेन भवन मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर मे थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और ब्लड कैंसर मरीजों के लिए स्टेम सेल डोनेशन के लिए इच्छुक रक्तदाताओं के नाम विशेष रूप से रजिस्टर्ड किए जाएंगे। इसके लिए बैंगलौर की दात्री एनजीओ का विशेष सहयोग मिल रहा है।

### दुष्कर्म के मामले का आरोपी 8 साल बाद काबू

**हिसार।** महिला थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आठ वर्ष पुराने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अलीगढ़ के कटहरा निवासी प्रदीप को पुलिस ने मोती बाग दिल्ली से गिरफ्तार किया है।उसने अपने एक अन्य साथी सहित 2016 में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया था। महिला थाना प्रबंधक उप निरीक्षक सीमा ने बताया कि आरोपी प्रदीप अपने एक साथी सहित 13 साल की नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### श्री विष्णु मंदिर जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन 8 को

**हांसी ।** चौपटा बाजार स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर का 92 वर्षों के बाद जीर्णोद्धार होने जा रहा है। इसके लिए 8 जुलाई की सुबह 9 बजे पूजा अर्चना के साथ भूमि पूजन किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के सचिव प्रवीण बंसल ने बताया कि अनुमानित 1 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। जिसके लिए आगामी सोमवार को सुबह भूमि पूजन किया जाएगा।



### पुलिस कर रही महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक

**हिसार।** सेफ सिटी कैंपेन के तहत महिला थाना पुलिस सार्वजनिक स्थलों और स्कूलों में जाकर महिलाओं और छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में महिला समर्पित टीम ने बस स्टेंड हिसार, मधुबन पार्क, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व चैतन्य इंस्टीट्यूट पहुंचकर सुरक्षा के लिए जागरूक कर उनके फोन में 112 इंडिया ऐप डाउनलोड करवाकर जानकारी दी।

### भारतीय क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास : गायत्री देवी

**हांसी।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री गायत्री देवी ने भारतीय क्रिकेट टीम को वर्ल्ड कप जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि 20-20 क्रिकेट टीम ने



ऐतिहासिक जीत दर्ज करके भारत का नाम रोशन किया है। इस जीत से भारतीय टीम ने शानदार खेल का परिचय देते हुए क्रिकेट प्रेमियों तथा भारतवासियों का सिर ऊंचा करने का काम किया है। गायत्री देवी ने इस भव्य विजय के लिए सभी देशवासियों की तरफ से बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी है।

---

डी प्लान : विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करवाने के दिए निर्देश

# पहले दो करोड़ की चुकाएंगे देनदारी फिर 12 करोड़ से होंगे विकास कार्य

**कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने की लघु सचिवालय के सभागार में बैठक की अध्यक्षता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान, आयुष एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा है कि विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्वक करवाना सुनिश्चित किया जाए। सभी काम एक लक्ष्य निर्धारित करते हुए समान रूप से सभी क्षेत्रों में किए जाए। कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में डी प्लान की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने बताया कि जिला में डी प्लान के तहत वर्ष 2024-25 में कुल 14 करोड़ 86 लाख 32 हजार रुपये के काम करवाए जाएंगे, जिनमें से सामान्य वर्ग के 8 करोड़ 91 लाख 79 हजार रुपये तथा अनुसूचित वर्ग के लिए 5 करोड़ 94 लाख 53 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। उक्त राशि में से वित्त वर्ष 2023-24 के स्वीकृत कार्यों के लंबित बिलों की देनदारी में दो करोड़ 41 लाख 71 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस राशि के भुगतान के बाद जिला में कुल 12 करोड़ 44 लाख 60 हजार रुपये के नये विकास कार्य करवाए जाएंगे। जिला योजना के तहत जिला के 7 खंड भट्टूकलां, भूना, फतेहाबाद, जाखल, नागपुर, रतिया, टोहाना के लिए कुल 9 करोड़ 67 लाख 56 हजार रुपये विकास कायार्ं पर खर्च होंगे, जिसमें से सामान्य वर्ग के लिए 5 करोड़ 81 लाख 96 हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति वर्ग क्षेत्र में 3 करोड़ 85 लाख 59 हजार रुपये के विकास कार्य करवाए जाएंगे।




फतेहाबाद। डी प्लान बैठक की अध्यक्षता करते हरियाणा के स्वास्थ्य, आयुष एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

#### भट्टू खंड में विकास पर खर्च होंगे 1 करोड़ 30 लाख

भट्टू खंड में कुल एक करोड़ 30 लाख 45 हजार रुपये के विकास कार्य करवाए जाने है, जिनमें से 96 लाख 46 हजार रुपये सामान्य क्षेत्र, 33 लाख 99 हजार रुपये अनुसूचित जाति क्षेत्र, भूना खंड में कुल एक करोड़ 27 लाख 13 हजार रुपये में से सामान्य क्षेत्र 84 लाख 99 हजार रुपये, 42 लाख 14 हजार रुपये अनुसूचित जाति क्षेत्र, फतेहाबाद खंड के 2 करोड़ 20 लाख 5 हजार रुपये में से एक करोड़ 44 लाख 75 हजार रुपये सामान्य क्षेत्र तथा 75 लाख 30 हजार रुपये अनुसूचित जाति क्षेत्र में विकास कायार्ं के लिए खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार जाखल खंड के कुल 71 लाख 56 हजार रुपये में 32 लाख 47 हजार रुपये सामान्य क्षेत्र, 39 लाख 10 हजार रुपये अनुसूचित जाति क्षेत्र, नागपुर खंड के कुल 98 लाख 20 हजार रुपये में से 53 लाख 38 हजार रुपये सामान्य क्षेत्र, 44 लाख 81 हजार रुपये अनुसूचित जाति क्षेत्र, रतिया खंड के कुल एक करोड़ 48 लाख 18 हजार रुपये में से 73 लाख 16 हजार रुपये सामान्य क्षेत्र, 75 लाख 2 हजार रुपये अनुसूचित जाति क्षेत्र तथा टोहाना खंड के कुल एक करोड़ 71लाख 99 हजार रुपये में से 96 लाख 75 हजार रुपये सामान्य क्षेत्र और 75 लाख 24 हजार रुपये अनुसूचित जाति क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जाएंगे।

#### नगरपरिषद व नगरपालिकाओं के लिए भी राशि मंजूर

जिला योजना के तहत नगरपरिषद और नगरपालिका क्षेत्रों में भी विकास कायार्ं को मंजूरी दी गई है। भूना नगरपालिका के लिए कुल 39 लाख 17 हजार रुपये के विकास कार्य मंजूर हुए है, जिनमें से 23 लाख 33 हजार रुपये सामान्य क्षेत्र तथा 15 लाख 84 हजार अनुसूचित जाति क्षेत्र के लिए मंजूर किए गए है। नगरपरिषद फतेहाबाद में कुल 97 लाख 84 हजार रुपये में से 60 लाख 57 हजार रुपये सामान्य क्षेत्र, 37 लाख 26 हजार रुपये अनुसूचित जाति क्षेत्र, जाखल नगरपालिका के लिए कुल 10 लाख 85 हजार रुपये के विकास कार्य मंजूर हुए है, जिनमें से 6 लाख 75 हजार रुपये सामान्य क्षेत्र तथा 4 लाख 10 हजार अनुसूचित जाति क्षेत्र के लिए मंजूर किए गए है। रतिया नगरपालिका के लिए कुल 47 लाख 38 हजार रुपये के विकास कार्य मंजूर हुए है, जिनमें से 27 लाख 82 हजार रुपये सामान्य क्षेत्र तथा 19 लाख 56 हजार अनुसूचित जाति क्षेत्र के लिए मंजूर किए गए है। नप टोहाना के कुल 81 लाख 80 हजार रुपये में 48 लाख 16 हजार रुपये सामान्य क्षेत्र, 33 लाख 63 हजार रुपये अनुसूचित जाति क्षेत्र विकास कार्य होंगे।

---



हिसार। अभियान के तहत टिकट चैक करते रेलवे टीम।

## विशेष चेकिंग अभियान में लगभग 23 लाख का राजस्व किया प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बीकानेर रेल मंडल पर अनाधिकृत या बिना टिकट यात्रा रोकने तथा आरक्षित कोचों में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश की रोकथाम के लिए 15 दिन के लिए विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में मंडल के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष टिकट चेकिंग दल गठित करके चैंकिंग की गई। जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि अभियान के तहत मंडल के बीकानेर-सूरतगढ़-हनुमानगढ़-बठिंडा तथा बठिंडा-सिरसा-भिवानी एवं हिसार-चूरू-बीकानेर के साथ लालगढ़-फलौदी-लालगढ़ रेलमार्गों पर प्रतिदिन विभिन्न ट्रेनों में सुबह से देर रात तक टिकट चेकिंग की गई। प्रतिदिन लगभग 15 सदस्यों के दल द्वारा आरपीएफ के सहयोग से प्रतिदिन औसतन 25 ट्रेनों में टिकट चेकिंग की गई। इसके साथ ही आरक्षित कोचों में अनाधिकृत व्यक्तियों को ट्रेन से उतारा भी गया। इस अभियान में बिना टिकट या अनाधिकृत टिकट के साथ यात्रा करते अथवा निर्धारित सीमा से अधिक सामान ले जाने के कुल 5885 मामले दर्ज किए गए। इनसे जुमार्ने एवं अतिरिक्त किराए के रूप में 22 लाख 73 हजार 845 रुपए वसूले गए। इसके अलावा 1546 अनाधिकृत व्यक्तियों को आरक्षित कोचों से उतारा गया।

### आरपीएस स्कूल में मनाया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

**हांसी ।** राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चिकित्सकों का आभार व्यक्त करने और उनके समर्पण और निस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित करने हेतु आरपीएस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की मुख्याध्यापिका नेहा वर्मा ने दंत चिकित्सक डॉ. कोमल प्रीत का स्कूल पहुंचने पर फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर डॉ कोमल प्रीत ने बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने के सभी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ दिनचर्या के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में मुख्याध्यापिका नेहा वर्मा ने डॉ कोमल प्रीत आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

---

## जैन श्वेताबंर तेरापंथ सभा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**सिरसा।** हरियाणा प्रांतीय जैन श्वेताबंर तेरापंथ सभा की पिछले दिनों चुनी गई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह राजस्थान के लाडनू में आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में युग प्रधान आचार्य महाश्रवण के सुशिष्य मुनि रंजीत कुमार व मुनि जय कुमार ने कार्यकारिणी पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाई।

- **समारोह का आयोजन राजस्थान के लाडनू में किया**

हरियाणा तेरापंथ सभा के अध्यक्ष मक्खन लाल गोयल ने बताया कि शपथ ग्रहण में महामंत्री के रूप में अमित जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नत्थुराम जैन, उपाध्यक्ष प्रमोद जैन, सुरेश जैन, देवेंद्र डागा, सहमंत्री प्रथम रविंद्र जैन, सहमंत्री द्वितीय राजेश जैन, कोषाध्यक्ष संजय जैन, संगठन मंत्री के तौर पर हरीश जैन को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में गुरुदेव महाश्रमण के सुपावन आशीर्वाद से हरियाणा प्रांतीय जैन श्वेताबंर तेरापंथी सभा द्वारा निर्मित हरियाणा भवन के द्वितीय चरण में प्रथम तल का शिलान्यास समाजसेवी लता-सुरेशचंद गोयल कल्याण मित्र परिवार, हांसी-कलकता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विधानसभा चुनाव की तैयारी के तहत 12 जुलाई को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में होने वाले फतेहाबाद जिला के कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ वीरेंद्र सिंह सिवाच ने भूना ब्लॉक के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। डॉ. सिवाच ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए साजिशें रच रही है। सीबीआई और ईडी का दुरूपयोग कर विपक्षी नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। भाजपा सरकार लगातार लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर रही है लेकिन भाजपा के नेता यह भूल चुके हैं कि लोकतंत्र में जनता सवार्ेपरि होती है। आज पूरा विपक्ष एक साथ खड़ा है। देश की जनता उसके साथ है। बीजेपी की तानाशाही अब ज्यादा नहीं चलेगी और विधानसभा चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा उठाना पड़ेगा। डॉ. सिवाच ने कहा कि आज सभी आमजन ऑनलाइन पोर्टल सिस्टम से परेशान है। स्कूलों और कॉलेज में अध्यापक नहीं है और अब तो फर्जी विद्यार्थियों को दाखिल दिखाकर करोड़ों रुपए हड़पे जा रहे हैं। बेरोजगारी, महंगाई और आपराधिक घटनाएं अपने चरम पर है। सिवाच ने कहा कि सिरसा लोकसभा के अंतर्गत आने वाली सभी 9 विधानसभाओं में कांग्रेस को जबरदस्त लीड मिली है। विधानसभा चुनावों में भी इन सभी 9 सीटों पर कांग्रेस रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। डॉ. वीरेन्द्र सिवाच ने कहा कि विधानसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं को जो निर्देश दिए हैं, पार्टी का हर कार्यकर्ता उस पर चलते हुए एकजुट होकर काम करे। इस मौके पर उनके साथ डॉ. राजकुमार शर्मा, डॉ. विनेष मेहता, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. रण सिंह, विवेक, भैरव, सुरेश कंबोज, जगबीर सिंह, विक्की, सतीश राणा, संजीव मेडल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



फतेहाबाद। भूना में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कांग्रेस नेता डॉ. विरेन्द्र सिवाच।

## भागवत महापुराण कथा में सुनाया देवर्षि नारद का प्रसंग

**सिरसा।** हुडा सेक्टर 20 स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ है जोकि 5 जुलाई तक चलेगी। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर टैंपल के प्रधान दुर्गा सिंह राठौड ने बताया कि ट्रस्ट के 14वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हो रही श्री मद् भागवत महापुराण कथा में कथा व्यास स्वामी ललित किशोर व्यास अपने मुखाविंद से लोगों को भागवत के महत्त्व से रूबरू करवा रहे है। कथा भागवत में कथा व्यास ने देवर्षि नारद एवं उनके परम मित्र पर्वत मुनि के मित्रता का प्रसंग सुनाया। वहीं नारद के विवाह करने की उत्कंठा का भक्ति पूर्वक वर्णन किया जिसमें सूर्यवंश के वर्णन एवं राजा की पुत्री सुकन्या और चयवनमुनि के विवाह की सुंदर कथा का वर्णन किया तथा राजा रेवत की कथा को भी सुनाया। 2 जुलाई को सुबह 8 बजे हवन यज्ञ होगा। कथा आयोजकों ने लोगों से सपरिवार कथा में शामिल होने का आह्वान किया है।

- **कथा का शुभारंभ हुडा सेक्टर 20 स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में हुआ**

---

## जनस्वास्थ्य विभाग में शंकर लाल 41 साल की सेवाओं के बाद हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जनस्वास्थ्य विभाग में पिछले 41 सालों से अपनी सेवाएं दे रहे वॉटर पम्प आपरेटर शंकर लाल आज सेवानिवृत हो गए। उसकी सेवानिवृति पर सोमवार को भट्टू रोड स्थित जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में विदाई समारोह क आयोजन किया गया। समारोह में विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने शंकर लाल द्वारा दी गई सेवाओं को सराहना की और उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सतपाल रोज व कनिष्ठ अभियंता बलविन्द्र सिंह ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि शंकर लाल ने अपने जीवन के बहुमूल्य 41 साल विभाग में जनसेवा करते हुए बिताये हैं। इस कार्यकाल के दौरान उनकी सेवाएं सराहनीय रही। उन्होंने पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का पालन किया। उन्होंने शंकर लाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अब अपने जीवन को सामाजिक कार्यों में लगाएं और परिवार के साथ समय बितायें। हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने भी कर्मचारी शंकर लाल को सेवानिवृति पर बधाई दी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर यूनियन के प्रांतीय उपाध्यक्ष धर्मपाल दरियापुर, प्रांतीय मुख्य सलाहाकार सीताराम सुथार, जिला प्रधान सुभाष बिश्नोई, जिला सचिव राजू शर्मा, चेयरमैन जगदीश पनिहार, प्रांत बीएंडआर प्रधान राजेश फौजी सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।



फतेहाबाद। वॉटर पम्प आपरेटर शंकर लाल को सेवानिवृति पर विदाई देते जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी।

## 700 ग्राम गांजा सहित युवक को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान शहर कपास मंडी क्षेत्र से एक युवक को हजारों रुपए के 700 ग्राम गांजा सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान गोगी पुत्र राजकुमार निवासी शमशाबाद पट्टी सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल, सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान शहर सिरसा की कपास मंडी क्षेत्र में मौजूद थी । उन्होंने बताया कि इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया, उक्त युवक ने सामने पुलिस पार्टी को देखकर अचानक घबरा गया और वापस मुड़कर तेज-तेज कदमों से चल कर खिसकने का प्रयास किया। सेल प्रभारी ने बताया कि शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर तलाशी लेने पर उसके कब्जा से हजारों रुपए का 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की गई।

## सबा तरन्नुम को रेडक्रॉस महासचिव ने किया सम्मानित

**सिरसा।** 25 जून से 28 जून तक यूथ हॉस्टल मसूरी में प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या का रिफ्रेशर कैंप आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन डा. सुषमा गुप्ता वाइस चेयरपर्सन हरियाणा रेडक्रॉस शाखा, चंडीगढ़ ने किया। इस शिविर में मास्टर ट्रेनर सबा तरन्नुम और अनूप अवस्थी ने सीपीआर की नई तकनीक बेहोशी होने पर, खून बहने पर, जलने पर, हड्डी के टूटने पर मिर्गी के दौरे आने पर, प्राथमिक उपचारों के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। हरियाणा रेडक्रॉस महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल ने मास्टर ट्रेनर सबा तरन्नुम को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। दिल्ली से आई मास्टर ट्रेनर सबा तरन्नुम ने हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी और सेंट जॉन एंबुलेंस हरियाणा शाखा का सम्मान के लिए धन्यवाद किया। संजीव धीमान कैंप के निदेशक रहे, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों को रेडक्रॉस की ओर से कैंप में मूलभूत सुविधाएं प्रदान की।

- **मसूरी में प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या का रिफ्रेशर कैंप आयोजित**

---

## प्लॉट के नाम पर उपहास उड़ा रही भाजपा: गुरलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

समाजसेवी गुरलाल सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार प्लाट देने के नाम पर गरीबों का मजाक उड़ा रही है। आज जारी एक बयान में गुरलाल सिंह ने कहा कि गरीबों को प्लॉट देने के लिए एडवांस बुकिंग के नाम 10 हजार रुपए की राशि लेकर सरकार गरीबों का उपहास उड़ा रही है। गुरलाल सिंह ने कहा कि अभी 10 हजार रुपए एडवांस बुकिंग, फिर हर माह 13333 रुपए की 6 किश्तें भरनी पड़ेगी। इसके बाद 12 महीने में मकान का निर्माण करना आवश्यक है। गुरलाल सिंह ने कहा कि एक गरीब, मजदूरी, दिहाड़ीदार, छोटे-छोटे रेहड़ी संचालक व श्रमिक वर्ग कहां से 10 हजार रुपए जमा करवाएगा। यही नहीं उसके लिए बाद में हर माह 13333 रुपए जमा करवाना किसी जंग से कम नहीं है। भाजपा सरकार की प्लॉट देने की योजना मात्र ढकोसला है। सरकार लोकसभा चुनाव में हुई दुर्गति को देखते हुए विधानसभा चुनाव हारने के डर से गरीबों को बेवकूफ बनाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार वास्तव में गरीबों का भला चाहती है तो उन्हें मुफ्त में प्लॉट उपलब्ध करवाए। प्लॉट देने के नाम पर कोई शर्त नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कोई भी मजदूर या गरीब व्यक्ति इस हालत में नहीं है, जो 10 हजार रुपए देने की हालत में हो।

---

**सोमवार को आई 97 शिकायतें, 51 का किया मौके पर ही समाधान**

# समाधान शिविर में सुनी जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जनता की समस्याओं का साधान करना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान त्वरित आधार पर करके उन्हें संतुष्ट करने का प्रयास करें। यह निर्देश जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार ने सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों संबोधित करते हुए दिए। उन्होंने शिविर में नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, बिजली, पानी सहित अनेक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को सुन उनका निदान किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि वे हर आवेदन पर त्वरित आधार पर कार्यवाही करके लोगों के कार्यों को पूरा करें। सोमवार को आयोजित किए गए समाधान शिविर में कुल 97 शिकायतें आई जिनमें से 51 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में क्रिड विभाग की 82 शिकायतों में से 40, समाज कल्याण विभाग की 7 में से 6 तथा फूड सप्लाई विभाग की तीन में से तीन व जन स्वास्थ्य विभाग व यूएलबी की एक-एक शिकायत का मौके पर समाधान किया गया। इसके अलावा पुलिस विभाग से संबंधित 3 शिकायतें समाधान शिविर में प्राप्त हुई। इस अवसर पर डीएमसी संजय बिश्नोई, डीएसपी जयपाल सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. मेजर शरद तुली, ईओ राजेंद्र सोनी, कष्ट निवारण समिति के सदस्य जगदीश राय शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार।

#### समाधान शिविर में आई 13 शिकायतों में से 10 का मौके पर किया समाधान

**रतिया।** उपमंडलाधीश जगदीश चन्द्र ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में आए नागरिकों की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्धारित समय में समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए उससे संबंधित आवश्यक दस्तावेजों का होना बहुत जरूरी है, ताकि समस्या का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा सके। एसडीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी शिकायत पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों में कमी है तो शिकायतकर्ता को सूचित किया जाए और दस्तावेज मांगते हुए समाधान किया जाए। इस मौके पर आयोजित शिविर में आई 13 शिकायतों में से 10 का मौके पर समाधान किया गया। इस मौके पर डीएसपी संजय बिश्नोई, तहसीलदार विजय कुमार, डिप्टी सुप्रीडेंट ओमप्रकाश, कमालदिन, परमजीत कौर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शांति भंग करने के आरोप में तीन काबू

**सिरसा।** सार्वजनिक स्थल पर शराब पीकर हुंडदग बाजी कर शांति भंग करने के मामलें में बड़ागुढा थाना पुलिस ने गांव बड़ागुढा क्षेत्र से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है । इस संबंध में जानकारी देते हुए बड़ागुढा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान अवतार सिंह पुत्र गुरदेव सिंह निवासी गांव भंगू,रणजीत सिंह पुत्र बलवीर सिंह तथा चरण सिंह पुत्र गुरचरण सिंह निवासियान गांव बड़ागुढा जिला सिरसा के रुप में हुई है।

### पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**डबवाली।** आपसी विवाद में



अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोपी धर्मपाल पुत्र राजाराम निवासी गीदड़खेड़ा को गिरफ्तार कर डबवाली पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई लोहे की कुल्हाड़ी बरामद कर ली है। इस सम्बन्ध में प्रभारी थाना सदर डबवाली इन्स्पेक्टर प्रताप सिंह मे जानकारी देते हुए बताया कि 29 जून को विकास कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह ने अपने पिता के खिलाफ अपनी माता की हत्या का मामला दर्ज करवाया था। आरोप है कि यह हत्या घरेलू विवाद में जमीन के टुकड़े के लेकर की गई थी। पुलिस ने इस मामले में तत्परता से कार्यवाही करके आरोपी के खिलाफ सबूत जुटाते हुए मात्र कुछ घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग किया गया लोहे का कुल्हाड़ी बरामद कर ली। आरोपी को अदालत में पेश करके सिरसा जेल भेज दिया गया है।

### जागरूकता शिविर 3 को डीपीआरसी हॉल में

**फतेहाबाद।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना के तहत 3 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक डीपीआरसी हॉल में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि पीएम-एफएमई योजना बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने में लाभकारी साबित होती जा रही है, विभिन्न योजनाओं के तहत व्यक्तिगत तौर पर पुरुष, महिला, किसान उत्पादन संगठन, स्वयं सहायता समूह व सहकारी समिति ऋण योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। डीसी ने बताया कि योजाना के तहत खाद उद्योग जैसे बेकरी, आटा मिल, सरसों तेल मिल, मसाले, मिठाई, जूस, पेठा, पापड़, फ्रूट, जैम, शहद, मशरूम, बिस्किट, केक, पिज्जा, टमाटर सॉस, चिप्स, नमकीन, गजक, गुड़, आचार व मखाना आदि से संबंधित खाद्य पदार्थ को बनाने व उत्पादन की यूनिट लगाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ रुपए तक का ऋण दिया जाता है, जिसमें 35 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है।

### चाडीवाल बने रोटरी क्लब सिरसा के प्रधान

**सिरसा।** रोटरी क्लब सिरसा की ओर से राजेश चाडीवाल को आगामी वर्ष के लिए प्रधान नियुक्त किया गया है। वहीं गुलशन वधवा को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व प्रधान भूपेंद्र सरदाना ने बताया कि रोटरी क्लब सिरसा 2023-24 का कार्यकाल 30 जून 2024 को पूरा हो गया। नई कार्यकारिणी के लिए क्लब पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से राजेश चाडीवाल को प्रधान नियुक्त किया, जबकि बिजली निगम से रिटायर्ड एक्सईएन गुलशन वधवा को सचिव पद पर नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रधान राजेश चाडीवाल व सचिव गुलशन वधवा को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि क्लब की ओर से जो जिम्मेदारी दी गई है, उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर पदाधिकारी मौजूद रहे।

### उपायुक्त ने विभागों के साथ बाढ़ बचाव के लिए तैयारियों की समीक्षा की

# बारिश के मौसम में बाढ़ बचाव, तैयारियां और जरूरी प्रबंध हों सुनिश्चित : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

उपायुक्त आर.के. सिंह ने कहा कि जिला में बारिश के मौसम के चलते संबंधित विभाग बाढ़ बचाव संबंधी तैयारियां व सभी प्रकार के प्रबंध अभी से सुनिश्चित किए जाएं। इसके लिए संबंधित विभाग अपनी तैयारियां शुरू कर दें। राजस्व विभाग जिला आपदा प्रबंधन योजना के तहत जरूरी उपकरण एवं संसाधन तथा डाटा अवश्य अपडेट कर लें। उपायुक्त सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन स्थित सभागार में जिला प्रशासन के संबंधित विभागों के साथ बाढ़ बचाव प्रबंधों व तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा नदियों, नहरों व ड्रेनों के तटबंध मजबूत करने तथा निरंतर सफाई करने जैसे कार्य समय पर करें। इसके अलावा संभावित प्रभावित क्षेत्रों में पंपों की उपलब्धता तथा उनकी वर्किंग कंडीशन चेक कर ली जाएं। सभी तैयारियों व उपकरणों को संबंधित विभाग के अधिकारी स्वयं चेक करें। इसी प्रकार बरसात के समय नदियों व ड्रेनों के तटबंधों की निरंतर निगरानी रखी जाए। गांवों में ट्रैक्टर-ट्रालियों आदि का उचित प्रबंध रखें। जिस गांव में पानी भरने की संभावना हो, वहां के ग्रामीणों को पहले से ही सूचना दी जाए। बाढ़ बचाव के लिए जरूरी उपकरण जैसे बोट, चप्पु, लाइफ जैकेट, कम्प्रेशर मशीन, शुद्ध हवा के सिलेंडर, मोटर बोट, तीर कुंडे, रस्से आदि की उपलब्धता जरूर रखें। संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र व गांवों का दौरा जरूर करें। बैठक में एडीसी डा. विवेक भारती, सीईओ जिला परिषद सुभाष चंद्र, एसडीएम सिरसा मौजूद रहे।



सिरसा। बाढ़ बचाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा करते उपायुक्त आरके सिंह।

### उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनी 105 से अधिक समस्याएं, शीघ्र समाधान के दिए निर्देश



**सिरसा।** उपायुक्त आर.के. सिंह ने सोमवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय अपने कार्यालय में सुबह 9 बजे 11 बजे तक समाधान शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनी। समाधान शिविर में 105 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, इनमें से 35 समस्याएं परिवार पहचान पत्र, 15 समस्याएं पेंशन, 10 समस्याएं डीडीपीओ कार्यालय, 5 समस्याएं डीएमसी, 5 समस्याएं डीएफएससी से संबंधित थी। उपायुक्त ने समस्याओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जनता से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील होकर कार्य करें। सरकार के निर्देशानुसार जरूरतमंद लोगों को पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त आर.के. सिंह ने जिला के नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक कार्य दिवस में जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर एसडीएम कार्यालय में प्रातः 9 से 11 बजे तक आयोजित किए जा रहे शिविर में आएं।

## नाखुश बबली बोले : जिस दिन बबली दरी बिछा देगा मामला गड़बड़ हो जाएगा



- पूर्व मंत्री ने डीसी पर जताई नाराजगी
- पेमेंट रोकने का काम हो रहा

फतेहाबाद। सोमवार को डेढ साल बाद हुई जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली फतेहाबाद के डीसी राहुल नरवाल से नाखुश दिखे। बबली ने कहा कि जब वे मंत्री थे तो जिले की तीनों विधानसभा में एक समान राशि वितरित हो रही थी, अब उनकी पेमेंट को रोकने का काम किया जा रहा है, यह डीसी से उनकी शिकायत है। 10 बार वे इसको लेकर फोन कर चुके हैं और फाइलों को ऊपर नीचे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां दरियां बिछनी शुरू हो जाएगी और जिस दिन बबली दरी बिछा देगा, मामला गड़बड़ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पक्षपात न करें, साढ़े 4 साल तक हमने भी सरकार चलवाई है, सरकार तो अब जाने की कगार पर है, सिर्फ दो माह बचे हैं, सरकारें आती जाती हैं, क्या पता जनता किसको मौका दे, अधिकारियों को तो उसी सीटों पर रहना है। इतने में पीछे से भाजपाइयों ने कहा कि 60 से ज्यादा सीटें आएंगी तो इस पर बबली ने व्यंग्य कसते हुए कहा कि 400 पार भी आ गई थी, सरकार तो मैं ही लाऊंगा। सभी ठहाके लगाने लगे।

## जनता अस्पताल में मनाया डॉक्टर दिवस, काटा केक

- ट्रस्ट के प्रधान बृज लाल जिन्दल व सचिव प्रमोद कुमार गांधी की अध्यक्षता में किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

जनता अस्पताल में सोमवार को डॉक्टर दिवस वेल्फेयर ट्रस्ट के प्रधान बृज लाल जिन्दल व सचिव प्रमोद कुमार गांधी की अध्यक्षता में मनाया गया । इस अवसर पर डॉक्टर दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्रशासक राज कुमार कामरा ने बताया कि महान चिकित्सक व पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डा. विधान चन्द्र राय के जन्मदिन 1 जुलाई पर उनके प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। केन्द्र सरकार ने 1991 में डॉक्टर दिवस मनाने की शुरुआत की थी। डा. राय का जन्मदिन व पुण्यतिथि दोनों ही 1 जुलाई को होती है। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में प्रधान बृज लाल जिन्दल व सचिव प्रमोद कुमार गांधी ने कहा कि वर्तमान में भी सभी डॉक्टर डा. विधान चन्द्र राय जैसे व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्य का निर्वहन प्रतिबद्धता के साथ कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी चिकित्सकों को डॉक्टर दिवस की शुभकामनायें प्रेषित करते हुए सदैव ड्यूटी के प्रति कर्मठता, ईमानदारी व लगन से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डा. गुरजिंदर, डा. रक्षित अग्रवाल, डा. मोनिका गुप्ता, डा. अंजना नरूला, डा. राधे श्याम शर्मा, डा. सुरेश गुप्ता, डा. जय गोपाल शर्मा, डा. विश्वंजय मेहता, डा. रिशपाल सिंह, डा. करन, कार्यालय प्रभारी सुधीर सारस्वत, तनुज मुंजाल, लता शर्मा, सुपरवाइजर तरुण व सुनील, विजय, संदीप वर्मा, मेट्रन बिन्सी, नीलम व अन्य मौजूद रहे।



सिरसा। जनता अस्पताल में डाक्टर दिवस मनाते चिकित्सक।

## पुलिस ने तीन कानूनों की दी जानकारी

- अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों व आमजन को बताए प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के निर्देश पर आज जिला के सभी थाना प्रभारियों ने कार्यक्रम आयोजित कर जनप्रतिनिधियों, आमजन तथा युवाओं को तीन नए कानूनों के बारे जागरुक किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से पुलिस अधिकारियों ने आह्वान किया कि वे स्वयं इस संबंध में जागरुक रहें तथा समाज के अन्य लोगों को भी नए कानूनों के बारे अवगत करवाएं ताकि लोगों को जल्द न्याय मिले। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि आज से देश भर में लागू हो रहे तीनों नए आपराधिक काननों के क्रियान्वयन के लिए जिला पुलिस पूरी तरह से तैयार है,तथा इस संबंध में जिला पुलिस के सभी अधिकारियों,थाना प्रभारियों व जांच अधिकारियों को विभिन्न कार्यशाला आयोजित कर उन्हें प्रशिक्षित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाये गए है। उन्होंने बताया कि इन कानूनों में महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों में पी?ितों की समस्याओं को ध्यान में रखकर, अपराधियों के लिए क?ी सजा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में डिजिटल साक्ष्य,फोरेंसिक साक्ष्यों के महत्व को भी ब?ाया गया है तथा हर चीज की समय सीमा को निर्धारित किया गया है कि कितने समय में विवेचना पूर्ण करके चार्ट शीट पेश करना है और केस की अपडेट पी?ित पक्ष को समय सीमा में दी जाएगी। इस मौके पर पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



सिरसा। आमजन को नए कानूनों की जानकारी देती पुलिस।

### थाना प्रभारी ने पढ़ाया नए कानूनों का पाठ

**टोहाना।** आज से तीन नये कानून लागू हो गये है। ऐसे में पुलिस थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों में काम करने वाले अधिकारियों को भी नये कानून पर आधारित कार्य करने के लिए अलर्ट किया गया, वहीं उन्हें नये कानून संबंधी जानकारी तथा किताबे भी उपलब्ध करवाई गई है। इसी कड़ी में सोमवार को शहर थाना प्रभारी बलवान सिंह ने एक बैठक का आयोजन सभी पुलिस अधिकारियों को नये कानून का पाठ पढ़ाया। वहीं नए कानून लागू होने के साथ भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया। उल्लेखनीय है कि देशभर में सोमवार से तीन नये आपराधिक कानून लागू हो गये है। टोहाना पुलिस इस नये कानून के संदर्भ में पहले से ही विभिन्न पुलिस केंद्रों से प्रशिक्षण ले चुकी है। इस नये कानून के संदर्भ में कई बार प्रशिक्षण लेने के बाद इसके बारे में पूरी तरह से समझ लिया गया है। अब पुलिस प्रशासन आज से लागू कानूनों का पालन करेगा।

## डीएसपी ने पुलिस लाइन परिसर में किया पौधारोपण




**फतेहाबाद।** पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार ने अहम कदम उठाए हैं। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। यह बात उपपुलिस अधीक्षक कुलवन्त सिंह ने पुलिस लाईन परीसर में पौधारोण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा हैं। आक्सीजन देने का सबसे बड़ा स्त्रोत पौधा है। बिना पौधों के वायुमंडल में कार्बन डाइआक्साइड घुल जाएगी और सांस लेना मुश्किल हो जाएगा। पर्यावरण संतुलन के लिए सभी को पौधे लगाने चाहिए। जिंदगी की खुशहाली के लिए पौधारोपण जरूरी है। उप पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी निष्ठापूर्वक करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक रतिया संजय कुमार के अलावा भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारी, प्रबन्धक पुलिस लाईन फतेहाबाद व अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद थे।

### सैलून में आग लगने के मामले में पूर्व कर्मचारी पर केस दर्ज

**सिरसा।** कालांवाली पुलिस ने जीवाईके सैलून एंड अकेडमी के संचालक की शिकायत पर इसी सैलून के पूर्व कर्मचारी के खिलाफ भादंसं की धारा 436 के तहत मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में सैलून संचालक अमनदीप पुत्र तरसेम लाल निवासी जंगीर सिंह कालोनी कालांवाली ने बताया कि उसका डा. मिनाक्षी अस्पताल के पास सैलून है। वह 27 जून की रात्रि को सैलून मंगल करके अपने दो स्टाफ सदस्यों के साथ घर आ गया था। उसने बताया कि रात्रि लगभग सवा दो बजे उसके पास पड़ौसियों का फोन आया कि दुकान में आग लग गई है। वह अपनी पत्नी व स्टाफ सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचा तो सैलून में भयंकर आग लगी हुई थी। आसपास के लोगों ने पहले ही 112 पर सूचना दी लेकिन फायर ब्रिगेड का फोन बार-बार ट्राई करने पर भी नहीं मिला। वह स्वयं फायर ब्रिगेड पहुंचा और सूचना दी। उसने बताया कि आगजनी में सैलून का सारा सामान जलकर राख हो गया। उसने बताया कि 28 जून को उसने अपने सैलून का निरीक्षण किया तो सैलून की सीढ़ियों का गेट टूटा हुआ पाया। सैलून संचालक ने सैलून में काम करने वाले प्रगट सिंह पुत्र बलकौर सिंह निवासी चठठे वाला जिला बठिंडा पर शक जताया है।

## गोदारा बने गोशाला सेवा समिति के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना

गौमाता की सेवा करने से ही समाज का उत्थान संभव है। गौमाता को हिंदू धर्म में माता का दर्जा प्राप्त है, उसकी सेवा से ही हम अपने कमार्े को सुधार सकते हैं। यह बात श्री कृष्ण गोशाला नाढोड़ी सेवा समिति के नवनियुक्त प्रधान फकीरचंद गोदारा ने गौशाला में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कही। पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह ने स्वेच्छापूर्वक पद से त्यागपत्र दे दिया था। गौशाला सेवा समिति के कार्यकारिणी सदस्यों ने फकीर चंद को गोशाला का सर्वसम्मति से प्रधान चुनाव चुन लिया, जिसके बाद राम सिंह गोदारा ने लड्डू मिठाई खिलाकर गोशाला के नए प्रधान को बधाई दी। फकीरचंद गोदारा ने बिश्नोई समाज जीव जंतुओं की रक्षा को लेकर हमेशा आगे की पंक्ति में रहता है, इसलिए गुरु जंभेश्वर भगवान के दिखाए गए रास्ते पर चलकर समाज के लोगों को गोवंश तथा जीवों की रक्षा के प्रति तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर रामनिवास उर्फ रामा भांभू, रामसिंह गोदारा, सुभाष चंद्र व अन्य मौजूद रहे।



भूना। नवनियुक्त प्रधान फकीरचंद गोदारा को सम्मानित करते रामनिवास भांभू व अन्य सदस्य।

- श्री कृष्ण गोशाला नाढोड़ी सेवा समिति के पूर्व प्रधान ने स्वेच्छा से इस्तीफा दे दिया था

### फतेह सिंह बने श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष

**रतिया।** श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सेवा ट्रस्ट की बैठक में नई कार्यकारिणी बनाई गई। बैठक में प्रधान बलविंदर सिंह भोला ने सदस्यों का सहयोग के लिए आभार जताया। बैठक में सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से फतेह सिंह भुल्लर को अध्यक्ष, मास्टर मंजीत सिंह को उपाध्यक्ष, डॉ. शीशपाल सिंह खोखर को सचिव व जगजीत सिंह सग्गू को कोषाध्यक्ष चुना। कमेटी के सदस्य गुरचरन सिंह ने कहा कि श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सेवा ट्रस्ट पिछले 27 वषार्े से अनेक सामाजिक व धार्मिक कार्य कर रहा है। श्री गुरु हरगोविंद साहिब की दी हुई शास्त्र विद्या गतका उस्ताद स्व.अजीत सिंह खालसा द्वारा सिखलाई के लिए अखाड़ा बनाया गया। शहर से लेकर अंतरराष्ट्रीय नगर कीर्तन व बड़े बड़े मार्च में भाग लेने का मौका मिला। वर्ष 1999 में 300 साला खालसा स्थापना दिवस पर तलवंडी से श्री आनंदपुर साहिब के मार्च में भाग लिया और पाकिस्तान व नादेड साहिब पटना जैसे अनेक नगर कीर्तन की अगुवाई करने का सेवा मिली। इस बैठक में मनजीत सिंह, जयपाल सिंह, कमलजीत सिंह, फतेह सिंह, शीशपाल सिंह, जगजीत सिंह मौजूद रहे।

### रिहायशी व कमर्शियल प्रॉपटी पर फीस का विरोध

# एक्सटेंशन फीस को रद करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

शहर की मुल्तानी धर्मशाला में ब्लॉक ए, बी, सी, डी, ई व सी-1, सी-2 व सी-3 के निवासियों की बैठक हुई जिसमें रिहायशी व कमर्शियल आवासों पर लगाई जा रही एक्सटेंशन फीस को रद्द करने की मांग की गई। शिष्टमंडल ने संबंध में एचएसवीपी के उच्च अधिकारियों,मंत्री और मुख्यमंत्री स्तर तक पहुंचाने की रणनीति भी बनाई। धर्मपाल मेहता ने बताया कि यह मामला पंजाब न्यू मंडी टाउनशिप के अंतर्गत सिरसा, हरियाणा (तब पंजाब था) में रिहाइश सेक्टर और कमर्शियल शॉप्स अराउंड एडिशनल मंडी का इलाका विकसित करते हुए एलाटों को यह प्लाट, दुकान इत्यादि खुली बोली पर बेचे गए थे एलाट्यों द्वारा वर्ष 1966 से पहले ही उक्त प्लाटों का निर्माण शुरू कर दिया था व रिहाइश भी शुरू कर दी थी, सभी अलौटियों द्वारा तभी से अपने सीवर, बिजली व हाउस टैक्स बिल अदा किया जा रहे हैं वर्ष 1987 में हरियाणा सरकार द्वारा उक्त मंडी टाउनशिप एरिया के रिहायशी सेक्टर व कमर्शियल एरिया अराउंड एडिशनल मंडी हुडा जो कि अब एचएसवीपी के नाम से जाना जाता है वह अन्य कमर्शियल एरिया जैसे की नई अनाज मंडी एडिशनल मंडी, नगर कमेटी को ट्रांसफर कर दिए थे, इस प्रकार से जैसे ही 1987 में यह एरिया हुड्डा को ट्रांसफर किया गया तो हुड्डा के सभी एक्ट जो इस एरिया पर लागू कर दिए गए थे निरस्त हो गए उपरोक्त क्षेत्रों के निवासियों का अनुरोध है कि अब एचएसवीपी की एक्सटेंशन फीस को रद्द करके सभी एलाट्यों को एनओसी जारी किया जाए। इस बैठक में वीरभान मेहता, प्रदीप मेहता एडवोकेट, विजय चौधरी, कीर्ति गर्ग, पार्षद प्रतिनिधि करमजीत टांक, एम एल सलूजा, सुरेश चीनी, महावीर शर्मा, मुकेश ढींगरा, महेंद्र बनीवाला, केवल बठला, सुनील डुमरा, विजय कोचर, धर्मपाल मेहता, जीएस मान, संजय मौजूद रहे।



सिरसा। मुल्तानी धर्मशाला में बैठक करते ब्लॉक निवासी।

### एडवोकेट वीरेंद्र कुमार लीगल आरटीआई सेल के चेयरमैन नियुक्त

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट वीरेंद्र कुमार को पार्टी के लीगल, मानवाधिकार एवं आरटीआई सैल का जिला चेयरमैन नियुक्त किया गया है। पार्टी के लीगल सैल के प्रदेश चेयरमैन केसी भाटिया ने उनको यह नियुक्ति प्रदान की है। एडवोकेट वीरेंद्र ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, सांसद दिपेन्द्र सिंह हुड्डा, लीगल सैल के राज्य चेयरमैन एडवोकेट केसी भाटिया तथा पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिलाखेड़ा का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि लीगल सैल के माध्यम से आम जनता से जुड़े मुद्दों को पूरी गंभीरता से उठाया जाएगा और सरकार की गलत नीतियों की पोल खोलने का काम किया जाएगा।

## दाखिलों की तैयारियों को लेकर सीडीएलयू में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक की अध्यक्षता में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दाखिलों की तैयारियों को लेकर सभी विभागों के अध्यक्ष एवं नियमित प्राध्यापकों की एक बैठक का आयोजन विश्वविद्यालय के टैगोर थियेटर में किया गया। प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है इसलिए विद्यार्थियों का रूझान सीडीएलयू की तरफ बढ़ रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल, शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो0 सुरेश गहलावत, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राजकुमार भी उपस्थित थे। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के आवेदनों के बारे मे विस्तारपूर्वक बताते हुए कुलपति ने कहा कि स्नातक स्तर की 600 सीटों के लिए 12वी पास 3560 विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया है, जिनमें से 1029 विद्यार्थियों ने दाखिले हेतू निर्धारित शुल्क जमा करवा दिया है। उन्होने कहा कि स्नातक स्तर के दाखिलों के लिए अन्तिम तिथि 5 जुलाई है जबकि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों मे स्नातकोत्तर पाठ्यक्त्रमोंर् में दाखिले लेने की अन्तिम तिथि 18 जुलाई है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्त्रमोंर् के लिए 774 आवेदकों ने पंजीकरण किया है । जिनमें से 273 आवेदक आवेदन शुल्क जमा करवा चुके है। प्रो0 मलिक ने कहा कि विवि में कई सुविधाएं उपलब्ध है।